गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में 54वीं वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता प्रारम्भ

पंतनगर। 9 अप्रैल 2022। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की तीन–दिवसीय 54वीं वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता स्टीवेंसन स्टेडियम में प्रारम्भ हुई। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला व विशिष्ट अतिथि, अर्न्तराष्ट्रीय एथलीट व उत्तराखण्ड एथलेटिक एसोशिएशन के अध्यक्ष, श्री विजेन्द्र चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन के साथ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विजेन्द्र चौधरी को कुलसचिव द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के आरम्भ में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा ध्वज फहराया व मार्चपास्ट की सलामी ली गयी। मार्चपास्ट की अगुवाई पी.ए.सी. के बैण्ड ने की जिसके पीछे सभी छात्रावासों के विद्यार्थी अपने–अपने छात्रावास का ध्वज लेकर मार्चपास्ट कर रहे थे। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय चैम्पियन ने सभी विद्यार्थियों को खेल भावना की शपथ दिलायी तथा प्रतियोगिता के प्रारम्भ में मशाल लेकर स्टेडियम के मैदान की परिक्रमा की। मुख्य अतिथि कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला व विशिष्ट अतिथि, अर्न्तराष्ट्रीय एथलीट व उत्तराखण्ड एथलेटिक एसोशिएशन के अध्यक्ष, श्री विजेन्द्र चौधरी, सह अधिष्ठात्री छात्र कल्याण एवं प्रभारी शारीरिक शिक्षा व आयोजन समिति की सचिव, डा. पूनम त्यागी द्वारा गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता के प्रारम्भ होने की घोषणा की। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं अन्य उपस्थित अधिष्ठाता व निदेशकों ने प्रतियोगिता की स्मारिका का विमोचन किया। खेल–कूद प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर छात्राओं द्वारा गीत व नृत्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गयी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में व्यक्तित्व विकास में सहायक होते है। साथ ही उनमें आपस में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता विकसित होती है। विशिष्ट अतिथि विजेन्द्र चौधरी ने शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा इस प्रकार के आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। सह अधिष्ठात्री छात्र कल्याण एवं प्रभारी शारीरिक शिक्षा व आयोजन समिति की सचिव, डा. पूनम त्यागी ने बताया कि इस प्रकार का भव्य आयोजन पहली बार हो रहा है, जिसमें 1000 से भी ज्यादा विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं।

छात्रावासों के मार्चपास्ट में महिला छात्रावासों में सरस्वती भवन प्रथम; कस्तूरबा भवन द्वितीय एवं मंदाकिनी भवन छात्रावास को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पुरूष छात्रावासों में नेहरू भवन प्रथम, पंत भवन द्वितीय तथा चितरंजन भवन–। छात्रावास तृतीय स्थान पर रहे। आज सायं में हुई प्रतियोगिताओं में पुरूषों की 800 मीटर दौड़ में शिवम पाण्डेय प्रथम, हार्दिक सिंह द्वितीय एवं लोकेश बोरा तृतीय स्थान पर रहे। महिलाओं की 800 मीटर दौड़ में नेहा बोरा प्रथम, मनीषा पाण्डेय द्वितीय एवं नेहा नयाल ने तृतीय स्थान पर रहीं।

छात्र वर्ग की 100 मीटर बाधा दौड़ में दीपक राज गोस्वामी, पारस भट्ट तथा सचिन जोशी ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि छात्रा वर्ग में कविता चुफाल ने पहला, सानिया डोल्कर ने दूसरा तथा सौम्या तिवारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्र वर्ग की 5 हजार मीटर दौड़ में सक्षम गौतम ने पहला तथा धीरज धामी व मुरलीधर एस ने क्रमशः दूसरा तथा तीसरा स्थान हासिल किया। छात्र वर्ग में जैवलिन थ्रो में संदीप वर्मन, बीरेन्द्र व अवि कुमार ने पहला, दूसरा तथा तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्रा वर्ग में इंदू ने पहला, कंचन बिष्ट ने दूसरा तथा पूजा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

सभी विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि कुलसचिव डा. ए.के. शुक्ला; विशिष्ट अतिथि विजेन्द्र चौधरी; अधिष्ठात्री गृह विज्ञान, डा. अल्का गोयल; अधिष्ठात्री प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, डा. अलकनंदा अशोक; अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह, सह अधिष्ठात्री छात्र कल्याण एवं प्रभारी शारीरिक शिक्षा, डा. पूनम त्यागी एवं स्टाफ काउंसलर एथलेटिक डा. सुनील कुमार ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन डा. अर्पिता शर्मा काण्डपाल एवं डा. रितिका भट्ट ने किया। उद्घाटन के अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह; सह अधिष्ठात्री छात्र कल्याण एवं प्रभारी शारीरिक शिक्षा, डा. पूनम त्यागी व सभी अधिष्ठाता, निदेशक, छात्रावास अभिरक्षक व सहायक छात्रावास अभिरक्षक, स्टाफ काउंसलर एवं अन्य अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में दीप प्रज्जवलित करते कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला; अर्न्तराष्ट्रीय एथलीट व उत्तराखण्ड एथलेटिक एसोशिएशन के अध्यक्ष, श्री विजेन्द्र चौधरी; अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह एवं अन्य अधिकारीगण।

प्रतियोगिता में मार्चपास्ट की सलामी लेते कुलसचिव, ए.के. शुक्ला; अर्न्तराष्ट्रीय एथलीट व उत्तराखण्ड एथलेटिक एसोशिएशन के अध्यक्ष, श्री विजेन्द्र चौधरी; अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह।